खबरों में रहे स्टॉक

मोरपेन लेबोरेटरीज



रेस्मेटिरोम के बायोइक्विवेलेंस अध्ययन के लिए मिली सीडीएससीओ की मंजूरी

₹ 62.0 पिछला बंद भाव
₹ 62.6 आज का बंद भाव
1.02 % ▲

बिड़लासॉफ्ट



ओरेकल क्लाउड समाधान प्रदाता की विशेषज्ञता हासिल की

₹ 390.2 पिछला बंद भाव
₹ 397.6 आज का बंद भाव
1.9 % ▲

ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम



भारत में अधिक प्रदर्शन वाले मदरबोर्ड बनाने के लिए एसरॉक के साथ साझेदारी

₹ 515.2 पिछला बंद भाव
₹ 519.8 आज का बंद भाव
0.9 % ▲

पीसीबीएल केमिकल



वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत घटा

₹ 382.9 पिछला बंद भाव
₹ 369.3 आज का बंद भाव
-3.5 % ▼

एचजी इन्फ्रा इंजीनियरिंग



1,492 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए मिला प्रोविजनल सर्टिफिकेट

₹ 1,085.6 पिछला बंद भाव
₹ 1,088.3 आज का बंद भाव
0.2 % ▲

संक्षेप में

एमउएम फैमिली ऑफिस का कल्ट में निवेश

रियल्टी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एम3एम के फैमिली ऑफिस ने भारतीय सौंदर्य बाजार में तेजी के बीच प्रौद्योगिकी आधारित ब्यूटी डिस्कवरी प्लेटफॉर्म कल्ट में 2 करोड़ डॉलर का निवेश किया है, जिसमें 55 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी ली गई है। एम3एम समूह के प्रवर्तक फैमिली का हिस्सा रही डॉ. पायल कनोडिया और ऐश्वर्या बंसल, करिश्मा सिंह और रुचिका पल्लवी द्वारा स्थापित स्टार्टअप के बोर्ड में शामिल हो गई हैं। *बीएस*

लाइटहाउस ने कल्कि फैशन में किया निवेश

पीई फर्म लाइटहाउस फंड्स (जिसका कुल फंड आकार 4,000 करोड़ रुपये है) ने अच्छे मौके पर पहनने वाले ब्रांड कल्कि फैशन में 225 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिसकी इक्विटी का खुलासा नहीं किया गया है। *भाषा*

ट्रेंट का शुद्ध लाभ 54.8% घटा

बीएस संवाददाता और भाषा
मुंबई/नई दिल्ली, 29 अप्रैल

फैशन और लाइफस्टाइल रिटेलर ट्रेंट ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में अपने समेकित शुद्ध लाभ में वित्त वर्ष 24 की समान अवधि की तुलना में 54.8 प्रतिशत की गिरावट देखी, जबकि इसमें इंड एएस 116 के तहत पट्टा शर्तों से संबंधित अनुमानों के पुनर्मूल्यांकन पर 576 करोड़ रुपये का लाभ शामिल था। इंड एएस 116 पट्टे के लिए भारतीय लेखा मानक है, जो एएस 19 की जगह लेता है। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में चौथी तिमाही के दौरान इसका परिचालनगत राजस्व 27.9 प्रतिशत बढ़कर 4,216.9 करोड़ रुपये हो गया और तिमाही के दौरान एकल आधार पर समान स्टोरों की वृद्धि एक अंक में मध्य स्तर पर रही। वित्त वर्ष 25 में समान स्टोरों के आधार पर वृद्धि दो अंकों में थी। ट्रेंट ने कहा कि उसके समेकित राजस्व में ट्रेंट हाइपरमार्केट कारोबार का राजस्व शामिल नहीं है। हालांकि दर्ज किए गए परिणामों में इस उद्यम के लाभ का आनुपातिक हिस्सा शामिल है और इसे इक्विटी पद्धति के आधार पर दर्ज किया गया है। तिमाही में समेकित आधार पर इसका शुद्ध लाभ 318.2 करोड़ रुपये रहा।

अंबुजा सीमेंट्स का मुनाफा घटा

अदाणी परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स का समेकित लाभ वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के दौरान 8.98 प्रतिशत तक घटकर 956.3 करोड़ रुपये रह गया। बिक्री की मात्रा (सीमेंट और क्लिंकर) में 13 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के बावजूद यह गिरावट आई। लाभ ने ब्लूमबर्ग के विश्लेषकों के सर्वेक्षण में जताए गए 735.4 करोड़ रुपये के अनुमान को पीछे छोड़ दिया। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के दौरान कंपनी की बिक्री की मात्रा बढ़कर 1.87 करोड़ टन हो गई जो कंपनी के पूरे इतिहास में किसी भी तिमाही में सर्वाधिक रही। कंपनी की व्यापार बिक्री में प्रीमियम सीमेंट उत्पादों की हिस्सेदारी पिछले साल की तुलना में 5.3 प्रतिशत बढ़कर 29.1 प्रतिशत हो गई। अलबत्ता तिमाही के दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व पिछल साल की तुलना में 11.6 प्रतिशत तक बढ़कर 9,802.5 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व 9,903.2 करोड़ रुपये के अनुमान से चूक गया। तिमाही में कंपनी का कुल व्यय पिछले साल की तुलना में 13.9 प्रतिशत बढ़कर 8,821.7 करोड़ रुपये हो गया।

सिएट का लाभ 8.36 % लुढ़का

आरपीजी समूह के स्वामित्व वाली टायर कंपनी सिएट ने वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के दौरान करोपरांत लाभ (पीएटी) में 8.36 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की, जबकि इस अवधि के दौरान परिचालन से उसका समेकित राजस्व 14.33 प्रतिशत तक बढ़ गया। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में करोपरांत समेकित लाभ 99.49 करोड़ रुपये रहा, जबकि परिचालन से राजस्व 3,420.62 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ कम परिचालन मार्जिन और कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण प्रभावित हुआ।

महाकुंभ से कोका-कोला की बिक्री को मिली रफ्तार

अटलांटा की फिजी ड्रिंक्स दिग्गज कोका कोला ने मंगलवार को अपने पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा करते हुए कहा कि महाकुंभ मेले से उसके उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा मिला। भारतीय बाजार में कंपनी के लिए मार्च में समाप्त तिमाही में दो अंक की बिक्री वृद्धि दर्ज की गई।

पेटीएम की गेमिंग फर्म को 5,712 करोड़ का नोटिस

अजिंक्य कावले
मुंबई, 29 अप्रैल

गेमिंग फर्म फर्स्ट गेम्स टेक्नॉलजी ने कहा कि कर का दावा पूरे उद्योग का मसला है और वह इसे चुनौती देगी

पेटीएम के स्वामित्व वाली कंपनी की सहायक फर्स्ट गेम्स टेक्नोलजी को जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) से एक नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माने के साथ 5,712 करोड़ रुपये की देनदारी का दावा किया गया है।

गेमिंग कंपनी को सोमवार को कारण बताओ नोटिस मिला। नोटिस जनवरी 2018 से मार्च 2023 के बीच की अवधि के लिए है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) की इकाई फर्स्ट गेम्स ने कहा कि डीजीजीआई का मानना है कि जीएसटी की देनदारी की गणना टोटल एंट्री अमाउंट पर 28 फीसदी की दर से की जानी चाहिए जबकि गेमिंग कंपनियों की ओर से प्लेटफॉर्म शुल्क या सृजित राजस्व पर 18 फीसदी का भुगतान किया जाता है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, यह पूरे उद्योग का मसला है। जीएसटी विभाग ने पहले ही कई गेमिंग कंपनियों को नोटिस भेजे हैं। मामला फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है और उन्होंने अंतरिम राहत देते हुए आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

फर्स्ट गेम्स इस नोटिस को चुनौती देने के लिए याचिका दायर करेगी। याचिका में 1 अक्टूबर 2023 के जीएसटी संशोधन के पिछली तारीख के आवेदन के साथ-साथ संशोधन से पहले जीएसटी नियमन की व्याख्या शामिल होगी।

उसने कहा, रिट याचिका में गेमिंग उद्योग में अन्य लोगों जैसी ही अंतरिम राहत की मांग की जाएगी और इसके अनुसार फर्स्ट गेम्स जनवरी 2018 से मार्च 2023 तक की अवधि के लिए लागू ब्याज और दंड के साथ 5,712 करोड़ रुपये की प्रस्तावित देनदारी को चुनौती देगी।

मार्च में ओसीएल को प्रवर्तन निदेशालय से विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के कथित उल्लंघन पर कारण बताओ नोटिस मिला था। इसमें दो सहायक कंपनियों के अधिग्रहण से संबंधित 611 करोड़ रुपये से अधिक के कुल लेनदेन शामिल थे।

कथित उल्लंघन ओसीएल के दो सहायक कंपनियों - लिटल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड (एलआईपीएल) और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनआईपीएल- पूर्व में ग्रुपऑन) के अधिग्रहण से संबंधित हैं, जिनमें कुछ निदेशक और

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट–IV-A अचल संपत्ति/यों हेतु ई–नीलामी सार्वजनिक बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के सहपठित नियम 8(6) के प्रावधान के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय ई–नीलामी सूचना

पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अन्तरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001, फोन नं. 011–23357171, 23357172, 23705414,, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

शाखा कार्यालय : प्रथम तल,46, अहुजा टॉवर, नैपियर टॉउन, जबलपुर, मध्य प्रदेश–482001

एतद्द्वारा आम तौर पर जनता को और विशेष रूप से कॉलम नंबर–ए में इंगित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति(यों) जो कॉलम नंबर–डी में वर्णित है प्रत्याभूत ऋणदाता को बंधक/प्रभारित हैं, जिसमें से रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम नंबर–सी में वर्णित है) को मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीएनबीएचएफएल)/प्रत्याभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जो जहां है, जो है जैसा है, और वहां जो कुछ भी है आधार''** पर निम्न उल्लेखित विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।
एतद्द्वारा संबंधित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं), संपत्तिभागि(यों) को सूचना दी जाती है चूंकि इस मामले को आज की दिनांक में संशोधित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियमों के नियम–8(6) और 9 के तहत कॉलम संख्या–ए में दर्शाया जा सकता है।बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया **मेसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड / प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.pnbhousing.com** में दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

ऋण सं./उधारकर्ता /सह–उधारकर्ता/ गारंटर(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम (A)	मांग राशि और दिनांक (B)	कब्जे का प्रकार (C)	बंधक संपत्तियों का विवरण (D)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (E)	ईएमडी (आरपी का 10%)(F)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक (G)	बोली वृद्धि मूल्य (H)	निरीक्षण की दिनांक और समय (I)	नीलामी की दिनांक और समय (J)	ज्ञात ऋण भार/ न्यायालय मुकदमा अगर कोई है (K)
HOU/JBL/0621/888993 जोगेंद्र सिंह ठाकुर/ सोनम सिंह शाखा : जबलपुर	रुपये 24,03,634.84/– दिनांक 21.04.2024 तक	भौतिक	मौजा गुर्दा पी एच सं. 81/24, एनबी 600 प्लॉट सं. 67, खसरा सं. 144/1 का भाग, आरएनएम महाराजपुर, शाही सिटी, पानगर, जबलपुर, मध्य प्रदेश–482001 (1296 वर्ग फुट)	रु. 16,83,000/–	रु. 1,68,300/–	19.05.2025	रु. 10,000/–	02.05.2025 दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे	20.05.2025 अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे	*कोई नहीं/ ज्ञात नहीं

***आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान की दिनांक तक खर्च किए और/या वसूली के रूप में एक साथ लागू @18% वार्षिक भविष्य के ब्याज के साथ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और सूचना में ऊपर वर्णित अचल/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है, केवल कॉलम नंबर–के में उद्घाटित को छोड़कर। इसके अलावा सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपने द्वारा इस प्रकार की भार ओं को पूरा/भुगतान किया जाना चाहिए। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे उल्लेखित भार की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं।**
(1) आज की दिनांक में, पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उरोक्त अचल संपत्तियों/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को बेचने, विमुख करने और/या निपटाने से कोई आदेश निरोधक और/या न्यायालय निषेधाज्ञा नहीं है। **(2)** संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में सिफारिश का निरीक्षण कर सकते हैं। यदि कोई हो, कॉलम नं. के में वर्णित है। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध दस्तावेजों के शीर्षक के शीर्षक तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव(ओं) बनाने से पहले सभी मामलों में खुद की संतुष्टि कर लें। बोली लगाने वाले को बोली फॉर्म के साथ–साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। **(3)** कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के संदर्भ में, बोलीदाता(ओं)/क्रेता कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (बयाना पैसे शामिल है, यदि कोई हो, जमा) एक ही दिन या अगले कार्य दिवस से बाद में नहीं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार प्रत्याभूत ऋणदाता द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोलीदाता(ओं) के पक्ष में बिक्री कीपुष्टि की जा सकती है। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की दिनांक से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा जमा किया जाना है और इस जमा के चूक में, संपत्ति/प्रत्याभूत परिसंपत्ति कीफिर से बेचा जाएगा। **(4) मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा। जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट सं.68, तीसरा तल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003, वेबसाइट–www.bankeautions.com संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने या किसी अन्य जानकारी या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, आपको पीएनबीएचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी श्री विवेक लोधा से टोल फ्री नं. 1800 120 8800, के साथ समन्वय करना होगा या www.pnbhousing.com का संदर्भ लेना होगा।**

स्थान : जबलपुर, दिनांक : 29.04.2025 — हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

Aditya Birla Sun Life Mutual Fund

ADITYA BIRLA CAPITAL
MUTUAL FUNDS

Aditya Birla Sun Life AMC Limited(Investment Manager for Aditya Birla Sun Life Mutual Fund) Registered Office: One World Center, Tower 1, 17th Floor, Jupiter Mills, Senapati Bapat Marg, Elphinstone Road, Mumbai - 400 013. Tel.: 4356 8000. Fax: 4356 8110/8111. CIN: L65991MH1994PLC080811

Notice

Notice is hereby given to the investors that in accordance with Regulation 59 of SEBI (Mutual Funds) Regulations 1996, the unaudited Half Yearly Financial Results of the schemes of Aditya Birla Sun Life Mutual Fund **('the Fund')** for the half year ended March 31, 2025 has been hosted on the website of the Fund viz. https://mutualfund.adityabirlacapital.com/

Unitholders are requested to update their latest e-mail id and mobile number to help us serve better.

For Aditya Birla Sun Life AMC Ltd.
(Investment Manager for Aditya Birla Sun Life Mutual Fund)
Sd/-
Authorised Signatory

Date : April 29, 2025
Place : Mumbai

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

बेड क्षमता 30 प्रतिशत बढ़ाएगी मैक्स हेल्थकेयर

संकेत कौल
नई दिल्ली, 29 अप्रैल

वित्त वर्ष 2028 तक 6,500 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई

दिल्ली की निजी अस्पताल श्रृंखला मैक्स हेल्थकेयर ने इस साल अपनी बेड क्षमता में 30 फीसदी तक का इजाफा करने की योजना बनाई है। ये बेड जुड़ने के बाद इस साल उसके कुल बेड की संख्या बढ़कर करीब 6,500 हो जाएगी। अस्पताल श्रृंखला की इस समय उत्तर भारत में मजबूत मौजूदगी है और वह 22 अस्पतालों में करीब 5,000 बेड का परिचालन करती है।

मैक्स हेल्थकेयर के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अभय सोई ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि कंपनी ने अपने 25वें वर्ष में प्रवेश किया है। इसलिए कंपनी अपनी विस्तार योजनाओं को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में चार नए अस्पताल शुरू करने की संभावना तलाश रही है। दिल्ली के द्वारका में कंपनी के 300 बेड वाले सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन मंगलवार को किया गया।

सोई ने कहा कि द्वारका की नई परियोजना से उच्च गुणवत्ता वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर तेजी से विस्तार करने की कंपनी की योजनाओं का पता चलता है। कंपनी ने कहा, 'नए अस्पताल में 120 क्रिटिकल केयर बेड, 10 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और उन्नत कैथ लैब शामिल होंगी।' उन्होंने कहा कि कंपनी तीन और अस्पताल शुरू करने की संभावना तलाश रही है।

इन्फोसिस ने तीसरी छंटनी में 195 प्रशिक्षुओं को हटाया

शिवानी शिंदे
मुंबई, 29 अप्रैल

इन्फोसिस ने आंतरिक मूल्यांकन में कामयाब न होने पर 195 प्रशिक्षुओं को निकाल दिया है। देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी के भेजे गए ईमेलों से यह जानकारी मिली है।

यह इस साल कंपनी में प्रशिक्षुओं की यह तीसरी छंटनी है। फरवरी में इसी आधार पर 320 और महीने की शुरुआत में 240 प्रशिक्षुओं को निकाला गया था। इस तरह नौकरी से निकाले जाने वाले प्रशिक्षुओं की कुल संख्या 755 हो गई। साल 2022 में इन्फोसिस ने कैंपस से 5,000 फ्रेशर्स को नौकरी पर रखा था। कंपनी जिन प्रशिक्षुओं को नौकरी से निकाल रही है, वे इसी बैच के हैं।

दूसरे दौर के दौरान इन्फोसिस ने एनआईआईटी और अपग्रेड में प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की पेशकश की और भुगतान किया। करीब 250 प्रशिक्षुओं ने इस प्रशिक्षण का लाभ उठाया और 150 अलग प्रशिक्षुओं ने आउटप्लेसमेंट के लिए पंजीकरण कराया। छंटनी के इस नए दौर की भी वही वजह है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी के ईमेल में कहा गया है, 'आपके अंतिम मूल्यांकन के प्रयास के परिणामों का आकलन करने के अलावा कृपया सूचित हों कि आपने तैयारी के अतिरिक्त समय, संदेह-समाधान सत्र, कई कृत्रिम मूल्यांकन और तीन प्रयासों के बावजूद 'सामान्य बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम' में योग्यता मानदंडों को पूरा नहीं किया है।' कंपनी प्रभावित लोगों को एक महीने का वेतन, आउटप्लेसमेंट सेवाएं, कारोबार प्रक्रिया प्रबंधन उद्योग में संभावित भूमिकाओं के लिए 12 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम या सूचना प्रौद्योगिकी की बुनियादी चीजों में 24 सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम की पेशकश कर रही है। इन्फोसिस ने वित्त वर्ष 25 में 15,000 प्रशिक्षुओं को रखा। प्रभावित प्रशिक्षुओं को साल 2022 में लिया गया था।

UGRO CAPITAL

यू जीआरओ कैपिटल लिमिटेड
चतुर्थ तल, टॉवर 3, इक्विनॉक्स बिजनेस पार्क, एलबीएस रोड, कुर्ला, मुंबई–400070

माँग सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (''अधिनियम'') और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (''नियमावली'') के प्रावधानों के अंतर्गत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम के अंतर्गत यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में और नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन माँग सूचना(एं) निर्गत की थीं, जिनमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) को संबंधित सूचना(ओं) में अंकित राशि का उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था। अधोहस्ताक्षरकर्ता सकारण मानते हैं कि उधारकर्ता(गण) माँग सूचना(ओं) की प्राप्ति और उसमें/उनमें उल्लिखित उन पर बकाया राशि के भुगतान–दायित्व का निर्वहन करने से बच रहे हैं, इसीलिए नियमावली के अनुसार माँग सूचना की सेवा को चिपकाए जाने और प्रकाशित किए जाने द्वारा कार्य–व्यवहार में लाया जा रहा है। माँग सूचना(ओं) की विषयवस्तु यहां इसमें निम्नानुसार साराँशित है :

उधारकर्ता(ओं) के नाम	माँग सूचना तिथि एवं राशि
1. शगुन मोटर्स, 2. पवित्रा बाई गरवाल, 3. रामबाबू डांगी लैन – UGJWRMS0000058828	माँग सूचना तिथि : 02/04/2025 सूचना राशि : रु. 2,736,551.00 03/03/2025 के अनुसार
प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) का विवरण : भवन पंजी नंबर 13, वार्ड नंबर 6, पी.एच. नंबर 75, गांव दुपड़िया, ग्राम पंचायत दुपड़िया, तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ (म.प्र.) में स्थित मकान/प्लॉट, क्षेत्रफल = 2530.00 वर्ग फीट। चार कोने इस प्रकार हैं :– पूर्व : आम सड़क, पश्चिम : चंपालाल सेन का घर, उत्तर : नारायण सिंह का घर, दक्षिण : झाबलक का घर।	
1. विशाल ट्रेडर्स, 2. लक्ष्मी बाई, 3. विशाल लैन – UGINRMS0000057655	माँग सूचना तिथि : 10/04/2025 सूचना राशि : रु. 2,378,894.00 09/04/2025 के अनुसार
प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) का विवरण : मकान नंबर 36, सर्वे नंबर 108, पी.एच. नंबर 77, ग्राम भिचौली, तहसील डॉ. अंबेडकर नगर (महू), जिला इंदौर एम.पी. की अचल संपत्ति के समस्त वह भाग तथा अंश। कुल क्षेत्रफल : 186 वर्ग मीटर। सीमा : पूर्व में या उसकी ओर : श्री भरत मीणा का घर, पश्चिम में या उसकी ओर : सड़क, उत्तर में या उसकी ओर : सड़क, दक्षिण में या उसकी ओर : श्री भगवान सिंह चौहान का घर।	

उधारकर्ता(ओं) को एतद्द्वारा सलाह दी जाती है कि वे उन्हें प्रेषित/संबोधित माँग सूचना(ओं) का पालनानुपालन करें और इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिवसों के अंदर, भुगतान की वसूली की तिथि तक लागू होनेवाले ब्याज, विलंब भुगतान अर्थदंड, बाउंस शुल्कों, लागत और व्ययों इत्यादि के साथ यहां इसमें उपर्युक्त और सूचनाओं में अंकित माँग राशि का भुगतान करें। उधारकर्ता(गण) यह ध्यान रखें कि यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड जो है वह एक प्रतिभूत ऋणदाता है तथा उधारकर्ता(ओं) द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा जो है वह यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड के पास उधारकर्ता(ओं) द्वारा बंधक रखी गई प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) के रूप में अचल संपत्ति(यों) के विरुद्ध एक प्रतिभूत ऋण है।
यदि उधारकर्ता(गण) अनुबंधित समय के अंदर अपने भुगतान–दायित्वों का पूर्णतः निर्वहन करने में विफल होते हैं, तो यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) का कब्जा लेने के लिए अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उपलब्ध समस्त अधिकारों का प्रयोग करने की अधिकारी होगी, इस अधिकार में उधारकर्ता(ओं) के ऋण खाता के अंतर्गत बकाया राशियों की वसूली करने के क्रम में परिसंपत्तियों के विक्रय द्वारा उनका हस्तांतरण करना अथवा अधिनियम और उसके अंतर्गत विरचित नियमावली के अधीन उपलब्ध किसी अन्य उपचार का उपयोग करना सम्मिलित होगा लेकिन यह यहीं तक सीमित नहीं होगा। यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड विक्रय अथवा हस्तांतरण के अधिकार का प्रवर्तन करने से पूर्व, प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) की कुर्की करने तथा/अथवा उन्हें सील करने के लिए भी सशक्त है। प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) का विक्रय करने के अतिरिक्त, यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड के पास उस स्थिति में शेष बकाया देयराशियों की वसूली करने के लिए पृथक विधिक कार्रवाइयां प्रारंभ करने का एकाधिकार भी है, यदि यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड को उधारकर्ता(ओं) की ओर से भुगतानयोग्य बकाया देयराशियों की संपूर्ति के लिए प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) का मूल्य अपर्याप्त होता है। यह उपचार जो है वह यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड को किसी अन्य विधि–व्यवस्था के अंतर्गत उपलब्ध समस्त अन्य उपचारों के अतिरिक्त और स्वतंत्र उपचार है।
उधारकर्ता(ओं) का ध्यानाकर्षण सर्वप्रथम प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) के मोचनार्थ उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13(8) की ओर तथा इसके पश्चात् अधिनियम की धारा 13(13) की ओर आमंत्रित किया जाता है, जिसके द्वारा उधारकर्ता(ओं) को यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) का निस्तारण करने अथवा उसका संव्यवहार करने या किसी भी प्रतिभूत परिसंपत्ति को विक्रय, पट्टा के द्वारा अथवा अन्यथा (व्यवसाय के साधारण अनुक्रम के अलावा) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता/बाधित किया जाता है तथा उपरोक्त का पालनानुपालन नहीं करना, अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत एक दंडनीय अपराध है। माँग सूचना(ओं) की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता(गण), यदि वे इच्छुक हैं, प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता से प्राप्त कर सकते हैं।

दिनाँक : 30-04-2025 — स्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)
स्थान : मध्य प्रदेश — कृते यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड, authorised.officer@ugrocapital.com

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : इंडियन रेयॉन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात 362266
शाखा कार्यालय : आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, तृतीय तल, के के बिजनेस सेंटर, भूखण्ड सं. 133, एम पी नगर जोन–I, भोपाल (म.प्र.)– 462011
1. एबीएचएफएल : प्राधिकृत अधिकारी– श्री सुनील राठौड़– 91 98266 76416
2. नीलामी सेवा प्रदाता (एएसपी) :– मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) श्री राम शर्मा– संपर्क नं. 8000023297 और 9265562819

अचल संपत्ति के विक्रयार्थ विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्ति(यों) के विक्रयार्थ ई–नीलामी विक्रय सूचना।
जबकि आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी / प्रतिभूत ऋणदाता ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफॉएसि) की धारा 13(2) के अंतर्गत निर्गत सूचना के अनुसार निम्नलिखित प्रतिभूत परिसंपत्तियों का अधिग्रहण कर लिया था। यह अधिग्रहण जो किया गया था, वह निम्नलिखित ऋणकर्ताओं और सह–ऋणकर्ताओं की ओर से प्रतिभूत ऋणदाता को देय–भुग्तेय प्रतिभूत ऋणों के तहत यहाँ इसमें निम्न अंकितानुसार बकाया राशियों और इन पर भावी शुल्कों एवं लागत की वसूली के लिए किया गया था। एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप में ऋणकर्ताओं और सह–ऋणकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को देय–भुग्तेय ऋणों की राशि की वसूली के लिए निम्नलिखित संपत्ति की ई–नीलामी का आयोजन ''जैसी है जहाँ है'' और ''जैसी है जो है'' आधार पर किया जाएगा।

क्र. सं.	ऋणकर्ताओं एवं सह–ऋणकर्ताओं के नाम	संपत्तियों / प्रतिभूत परिसंपत्तियों का विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि	आरक्षित मूल्य	धराज	अंतिम धराज तिथि	निरीक्षण तिथि एवं समय	ई–नीलामी की तिथि
1.	अनिल कुमार पटेल और पूनम पटेल	आवासीय प्लॉट संख्या 22 के समस्त वह भाग तथा अंश जिनकी अधिमाप 20X60 = 1200 वर्ग फीट अर्थात् 111.52 वर्ग मीटर है, जो खसरा संख्या 493/3/2 पर, गोल्डन सिटी बैरसिया, वार्ड संख्या 18, तहसील : बैरसिया, जिला : भोपाल, मध्य प्रदेश– 463106 में स्थित है और इसकी सीमा इस प्रकार है : पूर्व : रोड, पश्चिम : प्लॉट संख्या 30, उत्तर : प्लॉट संख्या 21, दक्षिण : प्लॉट संख्या 23	रु. 7,57,872.2/– (रुपये सात लाख सत्तावन हजार आठ सौ बहत्तर और दो पैसे मात्र)	रु.18,12,000/– (रुपये अट्ठारह लाख बारह हजार मात्र)	रु.1,81,200/– (रुपये एक लाख इक्यासी हजार दो सौ मात्र)	05.06.2025		06.06.2025
2.	ज्ञानसिंह बामनिया और मंजू बामनिया	प्लॉट नंबर 14 के समस्त वह भाग तथा अंश, जिनका कुल क्षेत्रफल 1825 वर्ग फीट (169.61 वर्ग मीटर) है, जो पुराने खसरा नंबर 96 के भाग, नया खसरा नंबर 96/1/1/1/2/1/1/2 पर, अंजनि धाम कॉलोनी, गांव : बदियाखेड़ी, वार्ड क्रमांक 01 (शेष वार्ड), नगर परिषद क्षेत्र सीहोर, तहसील : सीहोर, जिला : सीहोर, मध्य प्रदेश– 466001 में स्थित तथा इस प्रकार परिसीमित है :– पूर्व : सड़क, पश्चिम : प्लॉट क्रमांक 13, उत्तर : सड़क, दक्षिण : प्लॉट क्रमांक 15	रु. 13,68,445/– (रुपये तेरह लाख अड़सठ हजार चार सौ पैंतालीस मात्र)	रु. 19,16,250/– (रुपये उन्नीस लाख सोलह हजार दो सौ पचास मात्र)	रु.1,91,625/– (रुपये एक लाख इक्यानबे हजार छह सौ पच्चीस मात्र)	05.06.2025		06.06.2025

विक्रय के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड / प्रतिभूत ऋणदाता की वेबसाइट अर्थात् https://homefinance.adityabirlacapital.com/properties-for-auction-under-sarfaesi-act अथवा https://sarfaesi.auctiontiger.net में उपलब्ध लिंक का संदर्भ ग्रहण करें।

दिनाँक : 30–04–2025, स्थान : भोपाल — हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

इंडसइंड के सीईओ का इस्तीफा

पृष्ठ 1 का शेष

ग्रांट थार्नटन के आकलन के अनुसार 31 मार्च, 2025 तक बैंक के लाभ और हानि खाते में कुल मिलाकर 1,959.98 करोड़ रुपये का प्रतिकूल असर पड़ेगा।

यह मामला 10 मार्च को सामने आया जब बैंक ने स्टॉक एक्सचेंजों को बताया कि आंतरिक समीक्षा में उसे अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में विसंगतियां मिली हैं। बैंक ने कहा था कि इससे दिसंबर 2024 तक उसके कुल नेटवर्थ पर 2.35 फीसदी का प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। बैंक ने यह भी कहा कि उसने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में नुकसान के अनुमान की समीक्षा के लिए पीडब्ल्यूसी को नियुक्त किया है। बाद में बैंक ने खुलासा किया कि उसने बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में विसंगतियों के मूल कारण का पता लगाने हेतु व्यापक जांच करने के लिए स्वतंत्र पेशेवर फर्म ग्रांट थॉर्नटन को नियुक्त किया है। प्रबंध निदेशक और और सीईओ के रूप में कठपालिया के कार्यकाल के दौरान बैंक की लोन बुक 2.06 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 3.66 लाख करोड़ रुपये रुपये (वित्त वर्ष 25 के 9 महीने तक) हो गई है। साथ ही इस अवधि के दौरान जमा आधार 2.02 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 4.09 लाख करोड़ रुपये हो गया है। दिसंबर 2024 तक बैंक की नेटवर्थ 34,387 करोड़ रुपये से बढ़कर 67,106 करोड़ रुपये हो गई है।

भोपाल संस्करण : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं